*This Question Paper contains 16 printed pages.*
*(Part - A & Part - B)*

Sl.No. 0106025

# 02 (H)

(MARCH, 2018)
(New Course)

| |
|---|
| પ્રશ્ન પેપરનો સેટ નંબર જેની સામેનું વર્તુળ **OMR** શીટમાં ઘટ્ટ કરવાનું રહે છે. |
| **Set No. of Question Paper, circle against which is to be darken in OMR sheet.** |
| **01** |

ay 1

**Part - A : Time : 1 Hour / Marks : 50**

**Part - B : Time : 2 Hours / Marks : 50**

## (Part - A)

***Time : 1 Hour]*** ***[Maximum Marks : 50***

**सूचनाएँ :**

1) इस प्रश्न पत्र में Part - A में वस्तुनिष्ठ प्रकार के कुल 50 प्रश्न है । सभी प्रश्न अनिवार्य है ।
2) प्रश्नों की क्रम संख्या 1 से 50 है। हरेक प्रश्न का गुण 1 है ।
3) प्रश्न पुस्तिका को अच्छी तरह पढ़ना और सही विकल्प को लिखना।
4) आपको अलग से दिए गये O.M.R. पत्रक में प्रश्नों के सामने (A) O, (B) O, (C) O और (D) O दिए गये है । जिस प्रश्न का उत्तर सही हो उस विकल्प के गोलाकार को पेन से पूर्ण गाढ़ा (●) करना होगा ।
5) दिए गये प्रश्नपत्र में उपर दाहीनी ओर प्रश्नपत्र सेट नंबर को O.M.R. शीट में उपलब्ध कॉलम में लिखिए ।

---

1) जब मन मिल्यौ .......... सौ, तब यह मिटी पुकारा ।

(A) आत्मसागर

(B) रामसागर

(C) भवसागर

(D) अरबसागर

2) पाठ्यपुस्तक की किस कहानी में "रिश्ते रक्त से नही, पैसो से तय" होते है ।

(A) गिरगिट

(B) काबुलीवाला

(C) शत्रु

(D) जिन्दगी और गुलाब के फूल

3) 'वाटिकाप्रसंग' काव्य रामचरितमानस के कौन से अंश से लिया गया है ?

(A) अयोध्याकांड

(B) बालकांड

(C) उत्तरकांड

(D) लंकाकांड

4) लाखो मील की यात्रा के बाद वे दोनो एस्ट्रानोट भी इतने समय ..... पर नही रूके थे ।

(A) पृथ्वी

(B) मंगल

(C) सूर्य

(D) चाँद

5) 'रानी और कानी' काव्य के कवि ...... है ।

(A) दिनकर जी

(B) अज्ञेय जी

(C) धूमिल जी

(D) निराला जी

6) उत्साही वीर को कर्मवीर या बुध्दिवीर कहना चाहिए? इस प्रश्न की चर्चा ........ नाटक में की गई है ।

(A) चन्द्रगुप्त

(B) हानूश

(C) मुद्राराक्षस

(D) स्कन्दगुप्त

7) कवि दिल्ली से क्या प्रश्न पूछते है ?

(A) आजादी कहाँ अटकी है ।

(B) स्वराज कहाँ अटका

(C) क्यों सोई रही है ।

(D) हम क्या करें

8) लेखक–रामप्रसाद बिस्मिले ने अंग्रेजो के साथ हुए ........ षडयंत्र की बात की थी ।

(A) मैनपुरी षडयंत्र

(B) काकोरी षडयंत्र

(C) लाहोर षडयंत्र

(D) चौरीचौरा षडयंत्र

9) 'क्या भूलू क्या याद करू' में कवि अपने आपको ........ करने को कहते है ।

(A) बर्बाद

(B) आजाद

(C) दुःखी

(D) समर्पित

10) भगवान ने ज्ञान को क्या बनाकर संसार में भेजा है?

(A) सेवक

(B) दास

(C) प्रतिनिधि

(D) बंदी

11) मै तुम लोगो से दूर हैं। काव्य में **'मै' मध्यमवर्गीय** का प्रतीक है तो 'तुम' किस वर्ग का प्रतीक है ?

(A) निम्नवर्ग

(B) गरीबवर्ग

(C) उच्चवर्ग

(D) सामान्यवर्ग

12) एवरेस्ट: मेरी शिखर यात्रा गद्य में ल्हाटू अपने साथ क्या लाया था?

(A) नास्ता

(B) गाडी का पहिया

(C) नायलॉन की रस्सी

(D) बहुत सारा सामान

13) अपने पाठ्यपुस्तक में से कौन-सा काव्य ''वसुधैव कुटुम्बकम्' के मंत्र को सिध्द करता है ?

(A) समर शेष है।

(B) क्या भूलू क्या याद करूँ

(C) किस्सा जनतंत्र का

(D) विश्वशांति

14) 'माँ, तु अन्नपूर्णा है'-कौन किसे कहता है?

(A) लेखक अपनी माँ से

(B) ज्ञान धर्म से

(C) मतंग ऋषि ने शबरी से

(D) सुबोध अपनी माँ से

15) मतंग ऋषि शबरी को अपने आश्रम में रहने देने से क्यों मना करते है ।

(A) भीलनी जाति के कारण

(B) अछूत जाति के कारण

(C) नारी होने के कारण

(D) ये तीनों वज़हो से

16) स्वामी विवेकानंद अमेरिका क्यों गये थे ?

(A) भारत की ताकात बताने

(B) शार्क सम्मेलन मे

(C) आंतकीयो से लडने के लिए

(D) विश्वधर्म–महासभा के लिए

17) ''डेली पैसेंजर' काव्य में किसका महत्व दर्शाया गया है ?

(A) परिश्रम का महत्व

(B) ट्रेन मे बैठने का

(C) सुख सुविधा का

(D) आराम का

18) जनरल साहब के भाई को किस नस्ल के कुत्ते पसंद है ?

(A) लेब्राडोर

(B) बारजोयस

(C) विदेशी

(D) पहाडी

19) कवि 'धूमिल' का पूरा नाम .......... है ।

(A) निर्मला–गर्ग

(B) बद्रीनारायण

(C) सुदामा पाण्डेय

(D) सर्वेश्वरदयाल सस्केना

20) भीष्म साहनी की 'हानूस' साहित्य की कौन–सी विद्या है ?

(A) नाटक

(B) उपन्यास

(C) कहानी

(D) संस्मरण

21) चक्रवात काव्य में 'तुम' शब्द का संबोधन किसके लिए प्रयुक्त हुआ है ?

(A) छोटे बच्चे के लिए

(B) दलित–शोषित वर्ग के लिए

(C) अमीरो के लिए

(D) स्त्रीओ के लिए

22) भारतीय वनवासी ऋषियों ने किसे धर्म का अंग माना है?

(A) पाप–पुण्य

(B) धर्म–पुण्य

(C) दया–दान

(D) योग–कर्म

23) हर कठिनाई कुछ ......... दिखाती है।

(A) चाह

(B) राह

(C) नाश

(D) माह

24) आदमी किसके पीछे भागता रहता है?

(A) जीविका की मृगतृष्णा

(B) मंजिल की ओर

(C) गाँव की ओर

(D) शहर की ओर

25) वक्त कैसे बीतता है?

(A) तेज गति से

(B) उर्ध्व गति से

(C) मंद गति से झरना बहता हो

(D) तूँफान जैसे

26) तताँरा–वामीरो एक दूसरे को कैसे ताकते रहते थे?

(A) खिडकी से

(B) छत पर से

(C) आमने–सामने

(D) पलक झपकाएं बिना

27) रास्ते मे पडे पत्थर उठाने के पिछे का आशय स्पष्ट कीजिए ।

(A) छुपा खजाना मिल जाये ।

(B) कोई ठोकर खाकर गिर न जाये ।

(C) नसीब खुल जाये ।

(D) ईनाम मिल जाये ।

28) हम अपना कर्तव्य समझकर योग्य व्यक्ति को गुप्तदान करे तभी .......... होगा ।

(A) सार्थक होगा ।

(B) सच्चा होगा ।

(C) सात्विक होगा ।

(D) सकल होगा ।

29) 'कोई रोम बचायेगा
कोई मदीना
कोई चांदी बचायेगा
कोई सोना'
.... किस काव्य से ली गई है ।

(A) प्रेमपत्र

(B) गज़ल

(C) चक्रवात

(D) इनमे से कोई नही

30) हैज़ा, पीलिया, टाइफाइड जैसी बीमारियाँ किससे फैलती है?

(A) वायुप्रदूषण

(B) अन्नप्रदूषण

(C) पर्यावरण प्रदूषण

(D) जल प्रदूषण

31) तृण शब्द का समानार्थी है ।

(A) तिनका

(B) पेड

(C) पौधा

(D) मूल

32) स्मरण शब्द का विलोम है ।

(A) स्मृति

(B) याद

(C) विस्मरण

(D) खयाल

33) मनोरथ शब्द की संधि विच्छेद .......... है ।

(A) मनः + रथ

(B) मनु + रथ

(C) मन + रथ

(D) मनो + रथ

34) दुःशासन शब्द की उचित संधि पहचानिए ।

(A) दुस्साशन

(B) दुषाशन्

(C) दुः + शासन

(D) दुसासन्

35) द्विगुसमास–पहचानिए।

(A) चौराहा

(B) राजकुमार

(C) महाराजा

(D) भाई बहन

36) चरण–कमल मे कौन–सा समास है।

(A) द्विगु समास

(B) कर्मधारय समास

(C) द्वन्द् समास

(D) तत्पुरूष समास

37) दिल भर जाना मुहावरे का अर्थ है।

(A) चिंतित होना।

(B) दिल दुखना।

(C) सोचते रहना।

(D) भावुक होना।

38) साथ मिलकर कार्य करना– अर्थवाला मुहावरा कौन–सा है ?

(A) स्पर्धा करना।

(B) कंधे से कंधा मिलाना।

(C) तुलना करना।

(D) कामचोरी करना।

39) 'सत्कार्य करके मृत्यु के बाद व्यक्ति जहाँ जाता है' शब्द समूह का एक शब्द पहचानिए ।

(A) नर्क मे

(B) दुसरी दुनिया मे

(C) चाँद पर

(D) स्वर्ग मे

40) मनौ, मानहुँ, जानहुँ, जनौ ..... शब्द ___ अलंकार के वाचक–शब्द है ।

(A) उपमा

(B) अनुप्रास

(C) उत्प्रेक्षा

(D) श्लेष

41) 'रोती है प्रकृति माता, टपकते है दिल के दु:ख'– पंक्ति में कौन– सा अलंकार है ।

(A) रूपक

(B) अनुप्रास

(C) उत्प्रेक्षा

(D) मानवीकरण

42) दरिद्रता किस शब्द की भाववाचक संज्ञा है ?

(A) दारुणता

(B) दयालु

(C) दरिद्र

(D) दया

43) 'पुराण'– शब्द की भाववाचक संज्ञा है ।

(A) पुराना

(B) पुराण

(C) पुरातत्व

(D) पौराणिक

44) निम्नलिखित मे से कौन सा वाक्य शुध्द है ?

(A) वकरी को तोडकर पत्ती खिलाओ ।

(B) सूरज निकला वाह !

(C) पापा का बडा लडका खेल रहा है ।

(D) हमारे प्रभु, औगुण चित्त न धरौ ।

45) निम्नलिखित शब्दो में से कौन–सा शब्द अशुध्द है ।

(A) गुजरीया

(B) पवित्रता

(C) शिक्षण

(D) उन्नति

46) 'विश्वास' शब्द का विशेषण कौन–सा है ?

(A) विश्वसनीय

(B) विश्वास

(C) विश्वासु

(D) विश्वाशु

47) 'कपूत'– शब्द का तत्सम् रूप ......... है ।

(A) कपुत्र

(B) सपूत

(C) कुपुत्र

(D) सुपुत्र

48) 'बचनु' शब्द का खडीबोली रूप पहचानिए ।

(A) बचन

(B) वचनु

(C) वचन्

(D) वंचना

49) 'समझकर' .......... शब्द में कौन–सा प्रत्यय है ?

(A) समझ

(B) कर

(C) समज

(D) समजना

50) 'सहकर्मी' शब्द मे़ं उपसर्ग है ।

(A) सह

(B) कर्मी

(C) सकर्म

(D) स

# 02 (H)

(MARCH, 2018)
(New Course)

## (Part - B)

*Time : 2 Hours]* *[Maximum Marks : 50*

**सूचनाएँ :**

1) हस्तलेखन को स्पष्ट लिखिए ।
2) प्रश्नपत्र के **Part - B** में चार विभाग है और कुल **1** से **15** प्रश्न है ।
3) सभी प्रश्न अनिवार्य है । आंतरिक विकल्प दिये गए है ।
4) दाहिनी ओर प्रश्न के अंक दिये गए है ।
5) नया विभाग नये पन्ने पर लिखिए ।
6) प्रश्नों का जवाब क्रमानुसार दीजिये ।

### विभाग–A

■ **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो–तीन वाक्यों में लिखिए :** [6]

1) लोग ज्ञान को पागल क्यों कहते है?

2) लेखक अतिथि से लौट जाने को क्यो कहते है?

3) दूसरे व्याख्यान का लोगो पर क्या प्रभाव पडा?

अथवा

बाजार के चौराहे पर खामोशी क्यों थी?

■ **निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर दस–बारह वाक्यों में लिखिए :** [4]

4) अशफाक उल्ला खाँ पाठ के आधार पर अशफाक की चारित्रिक विशेषताएँ बताइए ।

अथवा

तताँरा का चरित्र–चित्रण अपने शब्दो में लिखिए ।

■ **निम्नलिखित गद्यांश की आशय स्पष्ट कीजिए ।** [2]

5) कोई अध्यापिका होने से ही पुस्तकों का प्रेमी नही हो जाता ।

## विभाग–B

■ **निम्नलिखित प्रश्नो का उत्तर दो–तीन वाक्यों मे लिखिए ।** [4]

6) प्रभु को समदर्शी क्यो कहा गया है ?

7) विषमता दूर करने के विषय में कवि के क्या विचार है?

अथवा

शबरी को आश्रम मे रखने को लेकर मतंग ऋषि के मन में क्या–क्या सुविधाएं थी?

■ **निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर आठ–दस वाक्यो में दीजिए ।** [4]

8) ''वाटिका प्रसंग' का भाव अपने शब्दो में लिखिए ।

अथवा

''याद करेगी धरती' काव्य का केन्द्रीय भाव दर्शाइए ।

■ **निम्नलिखित काव्य पंक्तियो की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए ।** [4]

9) भिड़ाकर कंधे से कंधा ऐक्य से,
जग की देहरी पर खडे खडे,
पुकारे हम बुलन्दी से :
''मनुष्य, प्रकृति, सभी के लिए 'वसुधैव कुटुम्बकम्' ।''

अथवा

चूल्हा कुछ नही बोलता
चुपचाप जलता है
और जलता रहता है ।

## विभाग–C

■ **सूचनानुसार उत्तर लिखिए ।**

10) 3, माणेक पार्क, वी आई.पी.रोड कारेलीबाग बडौदा से सागर शर्मा अपने क्षेत्रीय आरोग्य अधिकारीश्री को मुहल्ले की साफ–सफाई के विषय मे पत्र लिखता है । [4]

11) रेडियो का महत्व एवं विशेषताए बताइये । [4]

■ **निम्नलिखित अपठित गद्यांश का 1/3 भाग में सार लिखकर उचित शीर्षक दीजिए ।** [5]

12) हमे दुःख इस बात का है कि जिस सिद्धांतो के आधार पर गाँधीजी ने अपना सारा जीवन ढाला और भारतवर्ष को भी ढालने का प्रयत्न किया तथा सारे संसार को भी ढालने की कामना करते रहे, उन सिध्दांतो को या तो हम समझ नही पाये है या समझकर अपनाने की शक्ति नही रखते है या जानबूझकर उन्हें छोड रहे है । आजका भारतीय गांधीजी के इन सिध्दांतो पर नही चल रहा कि हमारे अत्यंत प्राचीन और सार्वभौम सिध्दांत है । हम भी औरो की नकल करने लग गये है । समय और नियंत्रण को जो इन सिध्दांतो के मूल मे है, हम छोडते जा रहे है और मृगतृष्णा मे पडकर निस्सार वस्तुओ की और भागते जा रहे है । पर मेरा विश्वास है कि परिस्थिति हमे मजबूर करके हमको फिर उसी रास्ते लाएगी, अब भारत स्वतंत्र हो गया है । वह अपने को जैसा चाहे बना सकता है, बिगाड भी सकता है ।

## विभाग-D

■ **निम्नलिखित में से किसी एक का विचार-विस्तार कीजिए ।** [5]

13) कबीर कुर्वा एक है, पनिहारिन अनेक ।
बर्तन सबके न्यारे भए, पानी सब मे एक ।

14) श्रम ही सुखी जीवन की पूँजी है ।

अथवा

बोया पेड़ बबूल का आम कहाँ से खाय ।

■ **निम्न विषयो मे से किसी एक विषय पर 250 शब्दो मे निबंध लिखिए ।** [8]

15) 1) साहित्य और समाज

2) प्रदूषण एक विकट समस्या

3) 'आतंकवाद' एक वैश्विक समस्या

⊖⊖⊖